डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः **COE/586/2023** दिनांकः **16.09.2023**

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

महोदय / महोदया,

जैसा कि आपको विदित है कि बी0एड0 काउन्सलिंग दिनांक 15.09.2023 से आरम्भ हो चुकी है, के क्रम में विश्वविद्यालय के पूर्व में निर्गत पत्र द्वारा वार्षिक परीक्षा स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम वर्ष–2023 के प्रायोगिक / मौखिकी / आन्तरिक परीक्षाओं के अंक महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 में प्रेषित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड किये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे, के आलोक में जिन महाविद्यालयों द्वारा प्रायोगिक / मौखिकी / आन्तरिक परीक्षाओं के अंक अपलोड किये जा चुके हैं, के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुक हैं, परन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अद्यतन अंक अपलोड नहीं किये गये हैं। जिसके कारण परीक्षाफल घोषित किये जाने में विलम्ब हो रहा है तथा छात्र / छात्राओं को कठिनाई हो रही है।

माननीय कुलपति जी के आदेश के क्रम में अनुरोध है कि उक्त परीक्षाओं की प्रायोगिक / मौखिकी / आन्तरिक परीक्षाऐं अपने परिक्षेत्र के अनुदानित महाविद्यालयों के नियमित शिक्षकों / परीक्षकों के नाम का अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त कर परीक्षाऐं सम्पन्न कराते हुए अंक यथाशीघ्र विश्वविद्यालय पोर्टल पर उपलब्ध अपने महाविद्यालय के लॉगिन पर अपलोड कराने का कष्ट करें, साथ ही अपलोड किये गये अंकों की प्रति परीक्षक के हस्ताक्षर सहित प्रैक्टिकल अनुभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा कि स्थिति में यदि कोई छात्र / छात्रा बी0एड0 काउन्सलिंग से वंचित रह जाते हैं तो समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रो0 अनिल गुप्ता, समन्वयक, प्रयोगात्मक परीक्षा।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)।
3. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. एजेन्सी 2023 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करें।
7. जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक